हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 173 देहरादून, सोमवार, 01 जनवरी, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



रुद्रपुर प्रशासन ने सर्दी से बचाव की तैयारी परखी 3

# वृंदावन में सीएम धामी ने लगाये राधे राधे के जयकारे

## साध्वी ऋतंभरा के षष्ठिपूर्ति महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

वृंदावन , 1 जनवरी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मथुरा में साध्वी ऋतंभरा के षष्ठिपूर्ति महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने साध्वी ऋतंभरा को वात्सल्य और ममता की प्रतिमूर्ति बताते हुए शुभकामना दी तथा उनके सुदीर्घ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित संत महात्माओं को भी नमन कर उनका आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतंभरा का व्यक्तित्व अद्भुत और कृतित्व अकल्पनीय है। उनकी वात्सल्य शक्ति से न जाने कितनी बच्चियों को प्रेरणा और नया जीवन मिला। उनसे सदैव वात्यल्य और ममता का सानिध्य प्राप्त होता हे। मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतंभरा के स्नेह और आशीर्वाद से उन्हें व्यक्तिगत रूप से हमेशा लोगों की सेवा करने की शक्ति मिलती है। वे स्वयं उनसे सबसे पहले तब प्रभावित हुए थे जब उनके मुखारबिंदु से श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के समय प्रखर उद्बोधन सुना था। उनके ओजस्वी उद्बोधन ने लाखों लोगों को हृदय की गहराइयों तक प्रभावित किया था।

**साध्वी ऋतंभरा को बताया वात्सल्य और ममता की प्रतिमूर्ति**


मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को करोड़ों देशवासियों का रामलला को उनकी जन्मस्थली पर विराजमान करने का संकल्प पूर्ण होने जा रहा है। आज रामलला उस समय अपने जन्मस्थान में विराजमान हो रहे हैं, जब भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है, सनातन संस्कृति का परचम चारों ओर लहरा रहा है, चाँद पर भारत का चंद्रयान उतर चुका है, सूर्य के चारों ओर आदित्य एल वन चक्कर लगा रहा है, पूरा विश्व, भारत की बात कर रहा है, सनातन का भगवा ध्वज चारों ओर फिर से लहरा रहा है, हम दुनिया को कोरोना की मुफ्त वैक्सीन प्रदान करने में सक्षम हो चुके हैं, हम सफलतम जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता करने में सफल हुए हैं और जब हमारे देश के नेतृत्व का लोहा सारे विश्व के नेता मान रहे हैं, यही नहीं प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश पहली बार गुलामी की मानसिकता से बाहर आने में सफल हुआ है। आज काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का बनना, उज्जैन में महाकाललोक कॉरिडोर का बनना, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का सौंदर्यीकरण होना, केदारनाथ तथा हेमकुन्ट साहिब के लिये रोपवे का निर्माण इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आज हमारे मंदिरों का ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति का भी संरक्षण और संवर्धन हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले न तो राम मंदिर बना पाते, न धारा 370 हटा पाते और न ही तीन तलाक हटा पाते। यह प्रधानमंत्री मोदी की ही क्षमता है जो बिना झुके, थके, व डिगे अपने कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ते ही रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से ही वे भी बिना थके, बिना डिगे उत्तराखण्ड की जनता की सेवा कर रहे हैं। उत्तराखंड में विगत ढाई वर्षों में अनेक ऐसे महत्वपूर्ण और कठोर निर्णय हमने लिए हैं, जो विगत 23 वर्षों में संभव नहीं हो पाये थे। हमने एक ओर जहां उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया, वहीं धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया, प्रदेश में पहली बार लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई कर पांच हजार हैक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी पहली बार कार्रवाई करने से हम पीछे नहीं हटे,यही नहीं अब हम देवभूमि में समान नागरिक आचार संहिता को भी लागू करने की तैयारी कर रहे हैं, शीघ्र ही इसे विधानसभा में प्रस्तुत किया जायेगा। उत्तराखण्ड देवभूमि है, हमारी देवभूमि का मूल स्वरूप बना रहे इस दिशा में प्रभावी कदम उठाये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित जन समूह से अनुरोध किया कि यहां से हम अपने संतों का आशीर्वाद पाकर भगवान श्री राम को स्वयं में धारण करने की यात्रा पर आगे बढ़ें, राम को स्वयं में धारण करने के लिए प्रेम से बढ़कर कोई दूसरा मार्ग नहीं है। राम चरित मानस में कहा भी गया है 'रामहि केवल प्रेम पियारा' उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब हम श्री राम और श्री कृष्ण को मानने के साथ साथ उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण भी करेंगे।इस अवसर पर बड़ी संख्या में संत महात्मा एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# उत्तराखंड : 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी की चेतावनी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 01 जनवरी : उत्तराखंड में मौसम ने फिर से करवट बदली है। यहां नए साल का स्वागत बारिश और बर्फबारी के साथ होगा। मौसम विभाग ने 1 जनवरी से पांच पहाड़ी जिलों में बारिश और बर्फबारी होने की संभावना जताई है। 1 जनवरी तक कोहरा लोगों की परेशानी बढ़ता रहेगा, मौसम विभाग ने घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। 30 दिसंबर को पहाड़ी जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इन जिलों में तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई पर बर्फबारी की भी संभावना है।

मौसम विभाग ने दो दिन हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। उधमसिंह नगर और हरिद्वार में सुबह घना कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी कम होने की वजह से वाहन सड़क पर रेंगते नजर आए। 1 जनवरी को भी इन जिलों में घना कोहरा छाया रह सकता है, ऐसे में वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की सलाह दी गई है। 1 जनवरी के बाद पर्वतीय जिलों में बारिश व बर्फबारी की होने की संभावना है। इससे शीतलहर चलने से प्रदेश भर में ठंड बढ़ेगी। इसका असर दिन के तापमान में भी देखने को मिलेगा।



# अजब-गजब : इस गाँव में दूल्हा नहीं बल्कि उसकी बहन लेती है दुल्हन के साथ फेरे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 1 जनवरी : भारत एक बहुत बड़ा और सांस्कृतिक विविधता से भरा हुआ देश है। भारत के लगभग हर क्षेत्र की अपनी एक अलग खासियत और परंपरा है। हालांकि, कुछ ऐसी परंपराएँ भी हैं, जिनके बारे में जानकर लोगों को बहुत हैरानी होती है। आज हम आपको एक ऐसी ही शादी की अनोखी परंपरा के बारे में बताने जा रहे हैं। जी हाँ, इस परंपरा के अंतर्गत शादी के दौरान दूल्हा नहीं बल्कि उसकी बहन दुल्हन के साथ सात फेरे लेती हैं।जानकारी के अनुसार, यह परंपरा गुजरात के आदिवासी इलाकों की है। यहाँ दूल्हे को अपनी बारात में जाने की अनुमति नहीं होती है और वह घर पर ही रहता है। उसकी जगह उसकी अविवाहित बहन बारात लेकर जाती है और दूल्हे के रूप में सारी रस्में अदा करती है। अगर दूल्हे की कोई बहन नहीं है, तो उसकी जगह परिवार की कोई कुँवारी कन्या दूल्हे की तरफ़ से जाती है और वही दुल्हन के साथ सात फेरे भी लेती है।सूरखेड़ा गांव के कांजी भाई राठवा कहते हैं, ‘‘आमतौर पर सारी पारंपरिक रस्में जो दूल्हा निभाता है, वह उसकी बहन करती है। यहाँ तक कि मंगल फेरे भी बहन ही लेती है।‘‘उन्होंने आगे बताया, ‘‘इस अनोखी परंपरा का पालन यहाँ के तीन गाँवों में ही होता है। ऐसा माना जाता है कि अगर इस परंपरा का पालन न करें तो कुछ न कुछ अशुभ ज़रूर हो जाता है।‘‘शायद इसी डर की वजह से लोग परंपरा का पालन करते हैं।वहीं गांव के मुखिया का कहना है कि जब भी किसी ने इस परंपरा को अनदेखा करने की कोशिश की है, उनका कुछ न कुछ नुकसान ज़रूर हुआ है। उनके अनुसार, कई बार लोगों ने इस परंपरा को तोड़ने की कोशिश की और देखा गया कि या तो जोड़ों की शादी टूट जाती है या उनका वैवाहिक जीवन सुखद नहीं रहता है। कई बार कुछ और समस्याएं देखने को भी मिलती हैं। इस अनोखी परंपरा के बारे में पंडितों का कहना है कि यह परंपरा आदिवासी संस्कृति की पहचान है। यह एक लोककथा का हिस्सा है, जिसका पालन अनंतकाल से किया जा रहा है। इस कथा के अनुसार, तीन गांवों सूरखेड़ा, सानदा और अंबल के ग्राम देवता कुँवारे हैं। इसलिए उन्हें सम्मान देने के लिए दूल्हा घर पर ही रहता है। ऐसा माना जाता है कि ऐसा करने से दूल्हा सुरक्षित रहता है, जबकि न करने पर विनाश होता है।



# लिवर की समस्या से बचना चाहते हैं, तो खाने में करें ये बदलाव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 1 दिसंबर : लिवर की बीमारियां संपूर्ण शरीर के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती हैं। पेट और आंतों से निकलने वाला सारा खून लिवर से होकर गुजरता है। लिवर इस रक्त को संसाधित करने, पोषक तत्वों के अवशोषण, भोजन के पाचन को बढ़ावा देने के साथ कई प्रकार के हार्मोन्स भी रिलीज करता है।स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, युवाओं में बढ़ रही फैटी लिवर की समस्या काफी चिंताजनक है, इससे सभी लोगों को बचाव करते रहना चाहिए। फैटी लिवर की समस्या, उन लोगों को भी हो सकती है जो शराब नहीं पीते हैं।फैटी लीवर डिजीज, जैसा कि इसके नाम से पता चलता है यह लिवर में वसा के निर्माण के कारण होने वाली समस्या है। इस बीमारी में लिवर के लिए सामान्य तरीके से काम कर पाना कठिन हो जाता है, जिसका असर संपूर्ण शरीर पर हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हर आयु के लोगों को लिवर की सेहत को ठीक रखने पर गंभीरता से ध्यान देते रहना चाहिए, यह समस्या किसी को भी हो सकती है। आइए जानते हैं कि लिवर की इस बीमारी से बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखा जाना आवश्यक है?

क्यों होती है फैटी लिवर की समस्या?

फैटी लिवर डिजीज में, लिवर की कोशिकाओं में अतिरिक्त फैट जमा होने लगता है। वसा के इस प्रकार के जमाव के कई कारण हो सकते हैं। शराब का अधिक सेवन करने वालों में इस तरह की समस्याओं के जोखिम अधिक होता है। वहीं, आहार और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण बिना शराब का सेवन किए भी आप में इस समस्या का जोखिम हो सकता है। मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, इंसुलिन प्रतिरोध, रक्त में ट्राइग्लिसराइड की अधिकता और मेटाबॉलिक सिंड्रोम जैसी समस्याओं के कारण भी फैटी लिवर डिजीज होने का खतरा हो सकता है। इसके लिए आहार और दिनचर्या को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है।

इन बातों का भी रखें ध्यान

डॉक्टर बताते हैं फैटी लिवर की समस्या से बचाव के लिए आहार में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करना लाभकारी माना जाता है। फाइबर, लिवर के कार्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके लिए ताजे फल और



सब्जियां, फलियां और साबुत अनाज को आहार में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा लिवर की इस समस्या से बचाव के लिए भोजन में नमक और चीनी की मात्रा को कम रखने की सलाह दी जाती है। लिवर की सेहत का ख्याल रखें।

# कहीं प्लास्टिक वाला सलाद तो नहीं खा रहे आप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 1 जनवरी : सलाद हमें ताकत देता है. इसी वजह से ज्यादातर घरों में लोग इसे भोजन के साथ या अलग से खाना पसंद करते हैं. बहुत सारे घरों में हरी पत्तियों वाले रोमैन लेट्यूस को सलाद के रूप में इस्तेमाल किया जाता है. क्योंकि इसमें कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम और पोटेशियम प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं. रोमैन लेट्यूस विटामिन सी, विटामिन के और फोलेट से भरपूर होता है. यह बीटा कैरोटीन का अच्छा स्रोत है, जो शरीर में विटामिन ए में परिवर्तित हो जाता है. लेकिन इन दिनों सोशल मीडिया पर इसे लेकर हंगामा मचा हुआ है. लोग टिक टॉक पर इन हरी पत्तियों को छीलते हुए वीडियो डाल रहे हैं, और पूछ रहे कि क्या सच में यह प्लास्टिक है?डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ लोग इन हरी पत्तियों को जलाकर भी दिखा रहे और दावा कर रहे कि यह बिल्कुल प्लास्टिक की तरह जल रहा है. सोशल मीडिया पर हंगामा बरपा तो एक्सपर्ट्स को भी जवाब देना पड़ा . यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने एक रिसर्च के



हवाले से कहा, यह अन्य हरी पत्तियों की तरह नहीं होता जो तुरंत टूट जाए. इसके बावजूद यह पूरी तरह प्राकृतिक है और खाने योग्य है. लेट्यूस पर एपिडर्मिस की एक परत होती है, जो छीनी जा सकती है और ठंड की वजह से वह पूरा नहीं होता. इसे ही देखकर लोग भ्रमित हो रहे हैं.

एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर लेट्यूस को फ्रिज में ज्यादा देर तक रखा जाए तो यह परत और भी मोटी हो सकती है, जो देखने में बिल्कुल प्लास्टिक की तरह नजर आती है. लेकिन सच में यह प्लास्टिक नहीं है बल्कि एपिडर्मल कोटिंग है. 2018 में भी एक महिला ने यह मुद्दा उठाया था, उसके बाद वैज्ञानिकों ने रिसर्च की थी. तब हकीकत सामने आई थी. दरअसल, लोग इसलिए परेशान हो रहे हैं क्योंकि बीते दिनों कई तरह के बैक्टीरिया की वजह से लोगों की मौतें हुई हैं. इसलिए जब भी ऐसी कोई चीज दिख जाती है, तो वे डर जाते हैं. अगस्त 2022 में ई. कोली के प्रकोप ने लेट्यूस को प्रभावित किया. यहां तक इसकी वजह से 42 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया.पूर्वी फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कुछ साल पहले एक रिसर्च की थी. तब उन्होंने पाया था कि लेट्यूस के पौधे अगर 14 दिनों के लिए प्लास्टिक से दूषित मिट्टी में रखे जाएं तो वे नैनो प्लास्टिक के संपर्क में आ जाते हैं. इस लेट्यूस को जब कीड़ों को खिलाया गया तो उनमें ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा पाए गए थे. पता चला कि नैनो प्लास्टिक पौधों की जड़ों द्वारा उठाए गया था जो कि पत्तियों में जमा हो गया था. इस रिसर्च पर भी खूब हंगामा हुआ था और लोगों का कहना था कि अगर नैनो प्लास्टिक के संपर्क में वे आ जाते हैं तो फिर प्लास्टिक तो इसके माध्यम से शरीर में पहुंच ही जाएगा.

# जल-जंगल-जमीन की निजी हाथों में नीलामी के इस षड्यंत्र को कामयाब होने नही देंगे : यशपाल आर्य



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 जनवरी , नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि , गौला , नंधौर , कोशी-दाबका के खनन संचालन और खनन में लगे वाहनों की फिटनेस का कार्य पिछले दरवाजे से निजी कंपनियों को देकर राज्य सरकार का असली चेहरा सामने आ गया है। इस निर्णय से न केवल सरकार को राजस्व की हानि होगी बल्कि वन निगम और खनन कार्य से संबंधित 3 लाख लोग धीरे-धीरे खाने के लिए भी मोहताज हो जाएंगे। आर्य ने कहा कि इन निर्णयों से सिद्ध हो गया है कि, सरकार आने वाले समय में उत्तराखंड के हर फायदे वाले काम को नीलाम कर देगी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , गौला नदी और अन्य नदियों से हल्द्वानी अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा चलता है। इन नदियों का खनन व्यवसाय कुमाऊं की अर्थव्यवस्था और सामाजिक-आर्थिक जीवन को भी प्रभावित करता है। इन नदियों के खनन व्यवसाय हेतु वर्तमान में वन निगम में 12000 से अधिक वाहन रजिस्टर्ड हैं 3 लाख के लगभग परिवार इस व्यवसाय से पल रहे हैं। राज्य सरकार खनन को निजी हाथों में दे कर सुनियोजित ढंग से इस व्यवसाय को खत्म करना चाह रही है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि , उत्तर प्रदेश के समय 90 के दशक में भी वँहा की सरकार ने गौला नदी को निजी हाथों में दे दिया था उस समय हल्द्वानी ओर आस-पास के इलाक़ों में माफिया का आतंक हो गया था । उन्होंने बताया कि अपराध और गुंदगिर्दी के उस माहौल से हल्द्वानी को निकालने में सालों लग गए थे। एक बार फिर सरकार स्थानीय लोगों का रोजगार छीनकर माफिया राज फैलाना चाह रही है।हाईकोर्ट में जनहित याचिका की सुनवाई के क्रम में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने गौला नदी से निकली उपखनिज सामग्री के मैन्युअल तुलान( तोल )और अवैध खनन पर वन विकास निगम और सरकार को नोटिस जारी किया है।

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि वन निगम के अंतर्गत खनन कार्य पर्यावरण मंत्रालय की शर्तों ओर खनन मैन्युअल के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तुलकर हो रहा था इस पद्धति में चोरी की संभावना शून्य थी। अब निजी कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक कांटों को बंद कर दिया है उसके स्थान पर वह नापकर खनन पदार्थ की मात्रा और रॉयल्टी तय कर रहे हैं। इस पद्धति से चोरी बढ़ेगी और सरकार को राजस्व की हानि होगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , खनन को निजी हाथों में देने से पहले सरकार ने इस कार्य में लगे वाहनों की फिटनेस का काम निजी हाथों में दे दिया था। पहले जो फिटनेस 1800 रुपए में कुछ घंटों में होती थी अब निजी कंपनी उसके लिए 20 हजार रुपए लेकर कई दिन लगा रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि , फिटनेस देने वाली निजी कंपनी के द्वारा सरकार खनन व्यवसायियों द्वारा खनन व्यवसाय के निजीकरण के बिरोध को नियंत्रित करने की कोशिश करेगी।यशपाल आर्य ने कहा कि , सरकार उत्तराखंड की जल, जंगल और जमीन को बेचने में जुटी हुई है। हमारी नदियों - गधेरों पर खनन का अधिकार भी आज यहाँ के निवासियों से छीना जा रहा है, एक के बाद एक नदियों, नालों, गधेरों के पाटों में निजी पट्टे दिये जा रहे हैं। ये निजी कंपनियां धीरे-धीरे बालू-बजरी निकालने और ढोने का काम भी स्थानीय लोगों से छीन लेंगे । उन्होंने कहा कि , जो राजनीतिक दल और संगठन गौला प्रभावित लोगों की आवाज बुलंद करना चाहते हैं उन्हें प्रदर्शन तक कीअनुमति नहीं दी जा रही है। इस निजीकरण की लूट का विरोध कर रहे लोगों पर मुक़दमे दर्ज कर उनकी आवाज़ को दबाने का कार्य प्रशासन कर रहा है ।

# रुद्रपुर प्रशासन ने सर्दी से बचाव की तैयारी परखी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




रुद्रपुर , 1 जनवरी , रुद्रपुर में शीतलहर से कोई जनहानि न हो, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से चाक-चौबन्द व्यवस्था की जा रही है। इन व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने गांधी पार्क के पास स्थित रैन बसेरे तथा नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों जलाए जा रहे अलाव का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने बस स्टेशन पहुंचकर आसपास मौजूद लोगों को बताया कि शीतलहर में आश्रय स्थल/शेल्टर होम में आश्रय ले सकते हैं । उन्होंने बस स्टैंड के अंदर सीमेंट तथा लोहे की बेंचो के ठंडा होने तथा यात्रियों के लिए शीतलहर से बचाव हेतु उचित व्यवस्था न होने पर जिलाधिकारी ने 5 जनवरी तक बस स्टैण्ड के अंदर ही अलाव जलाने और बस स्टैण्ड के पास जल रहे अलाव को गेट के नजदीक शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेन बसेरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि रुकने वाले यात्रियों के आधार कार्ड या पहचानपत्र जरुर चेक किए जाएं। उन्होंने सडक किनारे चिन्हित स्थलों पर चल रहे अलाव का भी निरीक्षण किया। सभी चिन्हित 16 जगहों पर अलाव जलते हुए पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अलाव व्यवस्था की जिला स्तर पर आपदा कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी की जा रही है और प्रतिदिन अलाव जलने की फोटोग्राफ ली जा रही हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी, एसडीएम तथा नगर निगम व पालिकाओं की टीम लगातार जरूरतमंदों को कम्बल किए जा रहे हैं। उन्होंने जनपद में चिन्हित सभी स्थलों पर अलाव जलाये जाने के निर्देश दिए।नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने बताया कि रैन बसेरे के जीरिए जरूरतमन्दों को आश्रय मिल रहा है और अब तक39 व्यक्ति आश्रय ले चुके हैं। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम आदि उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने दी प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2024 की बधाई एवं शुभकामनाएं

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने समस्त प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2024 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने नव वर्ष 2024 में समस्त प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और सभी के जीवन में प्रगति, खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की है।

राज्यपाल ने कहा कि यह नव वर्ष आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द एवं शांति का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा की नव वर्ष नए संकल्प के साथ एक नवीन आरम्भ का अवसर है। राज्यपाल ने प्रदेश वासियों से आह्वान किया कि हमें मिलकर नई सोच, नई ऊर्जा और नई आशा के साथ देवभूमि उत्तराखंड के विकास के लिए समर्पित भाव के साथ कार्य करना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि किसी भी सफल यात्रा में छोटे-छोटे प?ावों का बहुत महत्व होता है, इसी प्रकार 2047 के विकसित भारत की यात्रा में वर्ष 2023 की उपलब्धियों का विशेष स्थान है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने नीति निर्धारण और क्रियान्वन के केंद्र में लाभार्थियों को स्थान दिया है। आज हमारी नीतियां और योजनाएं जमीनी स्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, क्रियान्वन के लिए टास्क फोर्स बनाई जाती हैं, और सामाजिक सहयोग के माध्यम से अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि हर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समन्वय सबसे महत्वपूर्ण अवयव है। उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में यह बात प्रत्यक्ष रूप से स्थापित होती है। पिछले वर्ष केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर हमने कई मोर्चों पर सफलता प्राप्त की है। चाहे जी-20 के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण आयोजन सम्पन्न कराने का विषय हो, आपदा प्रबंधन विषय पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन हो या राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन, बेहतर समन्वय से सकारात्मक नतीजे निकाले गए हैं, जिसका लाभ प्रदेश को हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन उत्तराखण्ड की आर्थिकी का महत्वपूर्ण अवयव है, जी-20 की बैठकों के लिए उत्तराखण्ड ने विशेष तैयारियां की।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुद्वारा श्री गुरु सभा ने देवेंद्र भसीन को राज्यमंत्री बनने पर दी बधाई

देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आ?त ब?र के प्रतिनिधि मण्डल ने बीजेपी नेता देवेंद्र भसीन के हायर एजुकेशन राज्य मन्त्री बनने पर उन्हें बधाई दी व उनके कैनाल रोड स्थित निवास पर जाकर शाल ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के महासचिव गुल?र सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भाजपा संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाबी समाज से देवेंद्र भसीन को राज्यमंत्री का दर्जा देकर सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व पार्षद देवेंद्र पाल सिंह मोंटी ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि पंजाबी समाज हमेशा देश हित के लिए हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहता है। प्रधान गुरबक्श सिंह राजन ने 17 जनवरी को श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आने के लिए देवेन्द्र भसीन को आमंत्रित किया। राज्यमंत्री देवेंद्र भसीन ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि वे गुरु महाराज का आशीर्वाद लेने अवश्य आएंगे। मौके पर उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह जोली, सेवा सिंह मठारु आदि उपस्थित थे द्य

### मंत्री गणेश जोशी ने विजय कॉलोनी में सुनी मोदी के मन की बात

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विजय कॉलोनी में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 84 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम का 108वां संस्करण को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में गुजरात में डायरा की परंपरा, झारखंड के एक आदिवासी गांव के कुडुख भाषा, मिलेट्स, फिटनेस व राम मंदिर का भी जिक्र किया। मन की बात में उन्होंने युवाओं को फिट रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का ये 108 वां संस्करण था। हमारे सनातन संस्कृति में 108 अंक का विशेष महत्व है। उन्होंने प्रधानमंत्री को 108 वें संस्करण की बधाई भी दी। मंत्री जोशी ने कहा अयोध्या में राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह है। लोग अपनी भावनाओं को अलग-अलग तरह से व्यक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में फिटनेस का जिक्र किया है। शारीरिक रूप से फिट रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने सभी से नए वर्ष में सभी को स्वस्थ तथा फिट रहने के संकल्प का आह्वान किया।

### राज्य आंदोलनकारियों ने शंखनाद कर मांगा क्षैतिज आरक्षण

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सयुंक्त मंच के तत्वावधान में राज्य आंदोलनकारियों को राजकीय सेवाओं में 10त्न क्षैतिज आरक्षण बहाल करने व चिन्हीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग को लेकर आंदोलन छठवें दिवस भी जारी रहा। शहीद स्मारक पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राज्य आंदोलनकारियों ने शंख, घण्टे, घ?ियाल बजाकर शंखनाद का कार्यक्रम किया। आंदोलनकारियों का कहना है कि बहरी और झूठी सरकार को जगाने के लिए शंखनाद करके उन्हें जगाने का प्रयास किया जा रहा है। आंदोलन को समर्थन देने के लिए उक्रांद नेता शान्ति प्रसाद भट्ट भी पहुंचे। शांति प्रसाद भट्ट ने कहा कि विगत 23 वर्षों में राज्य आंदोलनकारियों की उपेक्षा हुई है, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को तत्काल सदन का विशेष सत्र आहूत करना चाहिये और राज्य आंदोलनकारियों का क्षैतिज आरक्षण बहाल करना चाहिए। शंखनाद में प्रतिभाग करने वालों में राम किशन, सुनीता ठाकुर, अंबुज शर्मा, विनोद असवाल, सूर्यकांत शर्मा, सुरेश शर्मा, विपुल नौटियाल, मुन्नी खंडूड़ी, जगदीश चंद पंत, आशीष उनियाल, विजय प्रताप मल्ल, गणेश डंगवाल, प्रवीण गुसाईं, मोहन रावत, प्रभात डंडरियाल, रेखा शर्मा, अभिषेक बिष्ट, रामचन्द्र नौटियाल, सत्या पोखरियाल, मीरा गुसाईं, सरला शर्मा, सुमन मैंदोला, नवनीत गुसाईं, विनोद धस्माना, खुशपाल सिंह परमार, कल्पेश्वरी, पुष्पा बहुगुणा, ममता भण्डारी, सुरेश नेगी, अजय उनियाल, प्रवीण पुरोहित, क्रांति कुकरेती, ललित जोशी, बलबीर सिंह नेगी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# योजनाओं व कार्यों का क्रियान्वयन तेजी से और बेहतर तरीके से पूर्ण करें : सचिव दीपक कुमार

## सभी विभाग, अपने विभागीय कार्य में बेहतर आउटकम प्राप्त करने के लिए अभिनव प्रयोग करें

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

धनोल्टी,31 दिसंबरः उपरोक्त दिशा निर्देश सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग उत्तराखंड शासन दीपक कुमार द्वारा धनोल्टी तहसील में आयोजित की गई विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए गए। सचिव ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मा मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं से संबंधित जितने भी कार्य हैं उनको प्राथमिकता से पूर्ण करें तथा उनके अनुपालन आख्या भी समय से प्रेषित करें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित जितने विभागीय कार्य गतिमान है उनको शीघ्रता से पूर्ण करें। लोक निर्माण विभाग ,पेयजल निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जल संस्थान सिंचाई विभाग लघु सिंचाई आदि विभिन्न निर्माणदायी विभागों और एजेंसियो को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने हेतु कार्य करने के भी निर्देश दिए;

**मुख्यमंत्री की घोषणाओं से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें तथा सीएम हेल्पलाइन पेंडिंग न रखें**

साथ ही समाज कल्याण विभाग, बाल विकास, खाद्य आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज व पशुपालन आदि ऐसे विभाग जो जनहित की ओर; महिला, बाल विकास, गरीबी उन्मूलन की विभिन्न योजनाएं संचालित करते हैं, वह विभाग उन कल्याणकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें. उन्होंने उद्यान, कृषि और पर्यटन को जनपद में उनसे संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सबसे अनुकूल बताते हुए विशेष प्रयास करने की निर्देश दिए और कहा कि इन विभागों के पास जनपद में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने का अच्छा अवसर है इसलिए यह विभाग स्थानीय धरातल और व्यावहारिकता के अनुकूल रिसर्च करें, कार्य योजनाएं बनाएं और उनका क्रियान्वयन करें. समाज कल्याण विभाग को विधवा और दिव्यांग लाभार्थियों को समर्पित योजना का समय-समय पर फीडबैक लेते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने और ₹मेरी योजना₹ ई बुक को लोगों को साझा करते हुए विभिन्न योजनाओं की औपचारिकताएं, आवेदन पत्रों को भरने और उनका लाभ लेने के बारे में लोगों को इस दौरान विशेष रूप से बताने की निर्देश दिए ।सचिव ने जलगाम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मनरेगा इत्यादि योजनाओं को बेहतर डब -टेलिंग समरीकरण के माध्यम से संचालित करते हुए बेहतर आउटकम प्राप्त करने के अधिकारियों को निर्देश दिए.

€ इस दौरान सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की योजनाओं, कार्यों तथा निर्माण कार्यों की क्रियान्वयन के दौरान यदि कोई व्यावहारिक प्रशासनिक अथवा अन्य प्रकार की ऐसी दिक्कत आती है जिसे शासन स्तर पर समाधान अपेक्षित हो तो उसके लिए उचित माध्यम से शासन को सिफारिश प्रेषित करें तथा दो या दो से अधिक विभागों के समन्वय से संचालित किए जाने वाले कार्यों को बेहतर समन्वय से क्रियान्वित करने के लिए अच्छे कोऑर्डिनेशन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए । इस दौरान उप जिला अधिकारी मंजू राजपूत, प्रभारी तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद मंमगाई,चौकी प्रभारी श्री बलबीर सिंह विकासखंड अधिकारी सोहनलाल कोहली, बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ रोशनी सती सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी समीक्षा बैठक में उपस्थित थे.





### अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

दीपक कुमार सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन उत्तराखंड शासन द्वारा विकासखंड कार्यालय चंबा में जनपद/तहसील/विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमें उप जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल एवं खंड विकास अधिकारी चंबा, अधिशासी अधिकारी लोनिवि एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित हुए जिसमें श्री दीपक कुमार जी द्वारा निर्देशित गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं को समयगत पूर्ण किया जाना अति आवश्यक है। यदि किसी स्तर पर विलंब हो रहा है अथवा शासन स्तर पर कार्यवाही लंबित है तो जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से शासन को पत्र प्रेषित किया जाए जिससे कि समयगत राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण परिवारों के लाभार्थियों तक समयगत पहुंच सके । लोक निर्माण विभाग की अधिकतर घोषणाओं के कारण अधिशासी अभियंता को विशेष रूप से हिदायत दी गयी कि इस हेतु वह व्यक्तिगत रूप से विभागाध्यक्ष व शासन के मध्य कड़ी की तरह कार्य करके योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन करवाएं. उन्होंने समस्त विभागों को लक्ष्यों को मार्च माह तक पूर्ण करने के स्थान पर जनवरी-फरवरी माह तक ही पूर्ण करने के निर्देश दिए. साथ ही cm हेल्पलाइन, एन आर एल एम , मनरेगा, समाजकल्याण , कृषि , उद्यान, शिक्षा विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। विशेष रूप से NRLM के तहत लखपति दीदी से संबंधित, कृषि व उद्यान में क्लस्टर फार्मिंग, गैर परंपरागत उपज आदि पर फोकस रहा.उपरोक्त बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान, विद्युत विभाग , ग्रामीण निर्माण विभाग ,ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, वन विभाग, कृषि, उद्यान, शिक्षा ,सहकारिता विभाग के जनपद/ विकासखंड स्तरीय एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे.

# परिवार से बिछड़े मासूम को होमगाड्र्स के जवानों ने मिलाया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



मसूरी , 1 जनवरी , विंटर लाइन कार्निवाल, 31 दिसंबर एवं नववर्ष का जश्न मनाने के लिए उत्तराखंड में लगातार पर्यटक पहुंच रहे हैं। विंटर लाइन कार्निवाल मसूरी के दौरान कल शाम को लगभग 7:00 बजे चेन्नई के पर्यटक कुणाल अपने परिवार के साथ माल रोड में घूम रहे थे । अत्यधिक भीड़ होने के कारण पैदल चलते समय अचानक उनके साथ ही घूमने आयी उनकी मासूम बच्ची ( उम्र लगभग 5 वर्ष)का हाथ उनसे छूट गया और वह भीड़ में भटक कर उनसे बिछड़ गयी। बच्ची को रोता देखकर होमगाड्र्स के मसूरी नगर प्लाटून के अवैतनिक प्लाटून कमांडर बलदेव सिंह बेदी एवं प्लाटून सार्जेन्ट श्री दर्शन बडोनी ने बच्ची को अपनी सुपुर्दगी में ले लिया और उसके परिजन की तलाश शुरू कर दी। थोड़ी देर तक ढूढ़- खोज करने पर उसके परिजन मिले। बच्ची को सकुशल देखकर परिजनों ने राहत की सांस ली। उन्होंने उत्तराखंड होमगाड्र्स के जवानों का आभार व्यक्त किया है।

# सूचना विभाग में सेवानिवृत्त कार्मिकों को दी गई भावभीनी विदाई




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 जनवरी , सूचना निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग में अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भुवन चंद्र जोशी एवं तकनीकी सहायक प्रमोद चन्द्र पन्त को सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई ।इस अवसर पर अपर निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी ने पंत और जोशी जी के कार्यों को याद करते हुए कहा कि दोनों कार्मिको ने कर्तव्यनिष्ठा एवं कर्तव्य परायणता के साथ ही मनोयोग से अपनी सेवायें दी हैं। संयुक्त निदेशक के एस चौहान ने अपने संबोधन में दोनों कार्मिकों द्वारा विभाग हेतु दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर उत्तराखंड सूचना कर्मचारी संघ के महामंत्री सुरेश भट्ट द्वारा कर्मचारी संघ की ओर से भुवन चंद्र जोशी का कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के रूप में कर्मचारियों के कल्याण हेतु किए गए प्रयासों को याद किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक मनोज श्रीवास्तव, उपनिदेशक रवि बिजारनिया, सहायक निदेशक एल.पी भट्ट, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पान सिंह बिष्ट, सूचना संघ के पदाधिकारियों समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नैनीताल, कैंची धाम, मुक्तेश्वर के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सर्विस


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 01 जनवरी : जिलाधिकारी वंदना सिंह ने नैनीताल जनपद में हेलीपैड परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो क्राफेंसिंग के माध्यम से उपजिलाधिकारियों के साथ ही लोनिवि व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि हैलीपैड हेतु उन स्थानों का चयन करें, जहां पर्यटन स्थल है, जिससे स्थानीय लोगों की आर्थिकी मजबूत होगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हेलीपोर्ट और हेलीपैड का मास्टर प्लान बनाते समय भविष्य की संभावनाओं और आवश्यकताओं को देखते हुए योजना बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि हेलीपैड योजना केन्द्र सरकार की योजना है केंद्र सरकार द्वारा इस योजना हेतु समय सीमा निर्धारित की गई है। यथासंभव हेलीपैड हेतु वन भूमि का चयन ना किया जाए जिससे वन भूमि हस्तांतरण और आपत्तियों के निस्तारण हेतु काफी समय व्यतीत होता है और योजना समय सीमा में पूर्ण नहीं हो पाती है। मीटिंग में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि नौकुचियाताल व मुक्तेश्वर में हेलीपैड हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है।

जिलाधिकारी ने शीघ्र स्टीमेट बनाकर कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नारायण नगर, सडियाताल, हनुमानगढी, कैचीधाम तथा स्नो व्यू का अधिशासी लोनिवि, सिंचाई एवं सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को संयुक्त स्थलीय सर्वे कर शीघ्र प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।

कैंची धाम मंदिर में हेलीपैड के निर्माण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि यह जनपद का मुख्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है, मंदिर के आसपास हेलीपैड के निर्माण के लिए उन्होंने उपजिलाधिकारी व अधिशासी अभियंता लोनिवि को स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कैंची धाम में हेलीपैड बनने से पर्यटकों को आवागमन में सुगमता मिलेगी वही जाम से भी निजात मिलेगी और क्षेत्र का आर्थिक विकास





भी होगा। रामनगर हेलीपैड निर्माण हेतु उन्होंने वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा जिन क्षेत्रों में हेलीपैड निर्माण होना है सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य कर केन्द्र सरकार की योजना को समय सीमा के भीतर प्राथमिकता से कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा अगले सप्ताह हेलीपैड के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

## 'ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025' की परिकल्पना को साकार कर रही 'पुलिस की चौपाल'

- हर क्षेत्र के लोगो को नशे के प्रति जागरूक कर अभियान में बढ़ाई जा रही उनकी सहभागिता
- सभी महिलाओं / छात्राओं को दी गई उत्तराखंड पुलिस App के गौरा शक्ति फ़ीचर के बारे में जानकारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 1 जनवरी , मुख्यमंत्री की ₹ड्रग फ्री देवभूमि 2025₹ की परिकल्पना को साकार किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशानुसार नशे के विरूद्ध आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस की चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में देहरादून के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस की चौपाल का आयोजन किया गया इस दौरान पुलिस द्वारा औधोगिक संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, आदि स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया, साथ ही उपस्थित लोगो को थाना पुलिस व देहरादून ANTF टीम के नम्बर उक्त चौपाल के माध्यम से लोगो को उपलब्ध कराकर उन्हें अपने क्षेत्र में नशा




तस्करी से संबंधित किसी भी सूचना को उक्त नंबरो पर देने हेतु अपील की गयी। इस दौरान उपस्थित लोगों को अपने जीवन में नशा न करने तथा लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम मे उपस्थित छात्राओं / महिलाओ को उत्तराखंड पुलिस ऐप के गौरा-शक्ति फ़ीचर के संचालन की जानकारी देकर उसके उपयोग के विषय में जानकारी दी गई।



## सीडीओ झरना कमठान ने पी.एम.जनमन योजना की बताई अहमियत

देहरादून , 1 जनवरी , मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पी.एम.जनमन योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा वी0सी0 के माध्यम से दिशा निर्देश निर्गत किये गये। पी.एम.जनमन योजनान्तर्गत आदिम जनजाति के लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है। पी.एम.जनमन योजनान्र्ततगत आई.ई.सी गतिविधि का देहरादून जनपद के चकमंशा, भूडपूर, मीर्जापुर ढालीपुर, हसनपुर, कल्याणपुर, आठूवाला, कुन्जा आदि आदिम जनजाति बाहुल्य बसावटों में शिविर/गोष्ठी/परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ-साथ सरकार की योजनाओं से वंचित रह गये आदिम जनजाति के व्यक्तियों को योजना का लाभ दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी में परीक्षार्थियों से पार्किंग शुल्क लेने पर जताई आपत्ति

देहरादून। परीक्षार्थियों व बेरोजगार संगठन की आपत्ति के बाद डीएवी पीजी कालेज प्रशासन ने कालेज में यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों से लिए जा रहे पार्किंग शुल्क को माफ कर दिया। इस सम्बंध में बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने डीएवी प्रबंधन, जिला प्रशासन व यूकेएसएसएससी अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया के समक्ष आपत्ति जताई थी। बॉबी पंवार ने कहा कि डीएवी पीजी कालेज समेत उन सभी केन्द्रों में परीक्षार्थियों से पार्किंग शुल्क लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है, परीक्षा का फार्म भरते समय जो छात्रों द्वारा फीस का भुगतान किया है, उसका क्या फायदा जब पार्किंग शुल्क भी छात्रों से ही लिया जाए। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में मोबाइल फोन व बैग रखने की व्यवस्था भी नहीं होने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसके लिए केन्द्र के बाहर किसी दुकानदार से बैग व मोबाइल रखने के लिए सांठगांठ की जाती है। बॉबी पंवार की आपत्ति जताने के कुछ ही घंटों बाद यूकेएसएसएससी अध्यक्ष ने उन्हें आश्वस्त किया कि परीक्षा केन्द्रों में पार्किंग व बैग इत्यादि रखने की निशुल्क व्यवस्था है। नियम का पालन न करने वाले केन्द्रों से जवाब मांगा जाएगा।

### चुक्खुवाला गुरुद्वारे में गुरबाणी की अमृत वर्षा से संगत हुई निहाल

देहरादून। गुरद्वारा बाबा ?तेह सिंह चुक्खुवाला में दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिब जादौ बाबा जोरवार सिंह, बाबा ?तेह सिंह, माता गुजर कौर को समर्पित गुरमत कीर्तन दिवस उनकी शहीदी दिवस को समर्पित किया गया। सर्वप्रथम श्री सुखमनी सहिब के पाठ स्त्री सत्संग सभा चुक्खुवाला द्वारा किया गया। इसके उपरान्त नानक ऐसी मरनी जो मरे बहोड ना मरना होय..,पहिला मरण कबूल कर जीवन की छ? आस..,गगन दा मामा बाज परिओ निशाने घाओ.., वता लंबीइया ते रास्ता पहा? दा जांदे गुरुआ दे.., लाल जी सरसा नदी ते विछोरा पे ग्या उस वेले दा सुन लो हाल जिओ..,हो छतरी को पूत हो बाबाहन को नाहये.. का गायन कर भाई कुंवर पाल सिंह ने संगत पर गुरबाणी की अमृत वर्षा की। इसके उपरान्त भाई गुरदेव सिंह ने सतनाम वाहेगुरु का पावन जाप करवाया। सतगुरु आगे सिस भेंट दियो का गायन भाई सहिब भाई निर्भय सिंह दरबार सहिब ने किया। इस अवसर पर मनमोहन सिंह जस्सल, जसविंदर सिंह, गुरदीप सिंह, जसकिरत सिंह, सतीश कपूर, सचिन सोंधी, कुलदीप सिंह ललकार, किशन लाल आहूजा, मंजीत कौर, सौरव डोभाल, सतेंद्र भंडारी समूह संगत उपस्थित थी।

### ड्यूस संस्था ने जरुरतमंदों को दिए कपड़े

देहरादून। समुदाय को समाज के प्रति संवेदनशील बनाने और उनमें 'शेयरिंग इज केयरिंग' की भावना विकसित करने के लिए देवेश्वरी वेलफेयर सोसाइटी- ड्यूस द्वारा 'कपड़े संग्रह अभियान' का आयोजन किया गया। जिसमें 'गूंज' संस्था को कपड़े, जूते और दैनिक जरूरत की चीजें दान की गईं। एकत्र किए गए कपड़े लोगों द्वारा इस्तेमाल किए गए कपड़े थे, जिन्हें उन्होंने पिछले कुछ वर्षों से इस्तेमाल नहीं किया था और अच्छी स्थिति में थे। इस आयोजन में सक्रिय सदस्य प्रोफेसर केसी पुरोहित, डॉ. प्रांजलि पुरोहित भट्ट, आवृत्ति पुरोहित पोखरियाल, अनुपमा खाली, डॉ. दीक्षा ममगाईं थे। जिन्होंने कई परिवारों से बात की और उन्हें समाज में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### भाजपा नेता के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

देहरादून। चंपावत में भाजपा नेता द्वारा नाबालिग के यौन शोषण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गुस्सा व्याप्त है। रविवार को कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर गोगी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने एश्ले हॉल चौक पर भाजपा नेता एवं सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। अध्यक्ष गोगी ने कहा कि चंपावत में भाजपा नेता कमल रावत ने नाबालिग का यौन शोषण किया है, अभी तक उसे गिरफ्तार भी नहीं किया गया है। सीएम के विधानसभा क्षेत्र में इस तरह की घटना शर्मनाक है। महिलाओं के खिलाफ 26 प्रतिशत मामले ब? हैं। कहा भाजपा नेताओं द्वारा ऐसे अपराध भी लगातार बढ़ रहे हैं। जनता से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। आरोपी नेता की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई गई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री मनीष नागपाल, प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसोनी, महिला महानगर अध्यक्ष उर्मिला थापा, सत्य पोखरियाल, सावित्री थापा, सोनम थापा, पूनम कंडारी, देवेंद्र सिंह, अभिषेक तिवारी, लकी राणा, यामीन खान, मुकीम अहमद, अवधेश कथेरिया , राजेश उनियाल, अर्जुन पासी, मुकेश रेगमी आदि मौजूद रहे।

# एसजीआरआर में फ्रेशर पार्टी में नए स्टूडेंट का जोरदार वेलकम

■ कुलदीप सिंह मिस्टर फेयरवैल व देवांशी रावत मिस फेयरवैल चुने गए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 1 जनवरी , श्री गुरु राम राय स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड एलाईड हैल्थ सांइसेज के द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन फ्रैशरस पार्टी का आयोजन किया गया। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के पथरी बाग कैम्पस के सभागार में आयोजित इस फ्रैशरस पार्टी में स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड एलाईड हैल्थ सांइसेज के नव-प्रवेशी 2023-24 बैच के छात्र-छात्राओं का विधिवत स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया।

इसके उपरांत श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अजय कुमार खंडूड़ी, डीन, स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड एलाईड हैल्थ सांइसेज, डॉ. कीर्ति सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय शर्मा पोखरियाल, आई.क्यू.ए.सी. निदेशक डॉ. सुमन विज व डीन, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एण्ड सोशल सांइसेज, डॉ. गीता रावत के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। डीन, स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड एलाईड हैल्थ सांइसेज, डॉ. कीर्ति सिंह के सर्वप्रथम सभी नवागुंतक छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड एलाईड हैल्थ सांइसेज में व्यवसायिक शिक्षण व सर्वागीण व्यक्तिव विकास का आदर्श माहौल है। उन्होंने कहा कि आज से ही नव-आगुंतक छात्र-छात्राएं स्वंय को स्कूल के विस्तृत परिवार का सदस्य समझें जहाँ फैकल्टी सदस्य तथा वरिष्ठ छात्र-छात्राएं उनके प्रत्येक मार्गदर्शन के लिए सदैव उपस्थित है।



कुलसचिव, एस.जी.आर.आर. विश्वविद्यालय डॉ अजय कुमार खंडूड़ी ने अपने सम्बोधन में छात्र जीवन में अनुशासन व निंव्यसनी करने के महत्व को समझाया। उन्होने छात्र-छात्राओं को हर प्रकार के नशे से दूर रहने का मार्गदर्शन दिया। इसके उपरांत नव-आगुंतक छात्र-छात्राओं ने रैम्प वॉक,फैशन शो, सांस्कृतिक,गीत-संगीत व नृत्य कार्यक्रमों समा बंधा व अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मिस्टर फ्रैशर शुभम बिष्ट व मिस फ्रैशर नीतिका नेगी चुने गए। आयुष सिंह के सिर मिस्टर चांर्मिग व सना खान के सिर मिस चांर्मिग का ताज सजा। मिस्टर स्र्पाकल खिताब रक्षित राजपूत व मिस स्र्पाकल खिताब प्रार्थी रावत ने जीता। देर शाम तक छात्र-छात्राएं गीत-संगीत की मधुर धुन पर थिरकते रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड एलाईड हैल्थ सांइसेज के द्वारा एस.जी.आर.आर. विश्वविद्यालय के सभागार में एलुम्नाई मीट व फेयरवैल पार्टी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आयोजित की गई एलुम्नाई मीट में स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड हैल्थ सांइसेज के पूर्व छात्र-छात्राओं (एलुम्नाई) का डीन डॉ. कीर्ति सिंह ने स्वागत किया।

उन्होंने प्रत्येक पूर्व छात्र-छात्रा को मंच पर बुलाकर वर्तमान छात्र-छात्राओं से उनका परिचय करवाया। स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड एलाईड हैल्थ सांइसेज के विभिन्न पाठ्यक्रमों के पास-आउट एलुम्नाई (पूर्व छात्र-छात्राओं) को वर्तमान में प्रतिष्ठित संस्थानों में शीर्ष पदों पर सुशोभित पाकर वर्तमान छात्र-छात्राओं ने प्रेरित महसूस किया। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय की एलुम्नाई एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सेमवाल ने स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड हैल्थ सांइसेज के पूर्व छात्र-छात्राओं (एलुम्नाई) को संबोधित कर एलुम्नाई एसोसिएशन में निरंतर बने रहने के लाभ बताए। स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड हैल्थ सांइसेज के एलुम्नाई (पूर्व छात्र-छात्राओं) रोहित रंजन, साधना, सैफ, तान्या व अनिष्का ने स्कूल से पास-आउट होने के उपरांत अपनी सफलता के विषय में बताकर वर्तमान छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार प्रतिष्ठित श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड हैल्थ सांइसेज से प्राप्त शिक्षा उनकी सफलता की कुंजी बनी। एलुम्नाई मीट के अंत में डीन,स्कूल ऑफ पैरामेडिकल एण्ड हैल्थ सांइसेज सभी छात्र-छात्राओं को श्री दरबार साहिब के स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एलुम्नाई मीट के उपरांत फेयरवैल पार्टी का आयोजन किया गया। फेयरवैल 2020 बैच में कुलदीप सिंह को मिस्टर फेयरवैल, देवांशी रावत को मिस फेयरवैल, आशुतोष शर्मा को मिस्टर स्पार्कल, महक नेगी को मिस स्पार्कल, शिवानी को मिस चार्मिंग व राघव उपाध्याय को मिस्टर चार्मिंग चुना गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. नेहा चौहान, दिव्या चौहान, डॉ. बदरुल इस्माल, डॉ. सुरभि, निशा, निवेदिता व डॉ. आकांक्षा का भी विशेष योगदान रहा।

# दलीप सिंह कुंवर, पुलिस उप महानिरीक्षक हुए सेवानिवृत्त

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 1 जनवरी , दलीप सिंह कुंवर, पुलिस उप महानिरीक्षक, अभिसूचना एवं धनबीर सिंह नेगी, मुख्य आरक्षी, पुलिस मुख्यालय अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरान्त सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अभिनव कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड, अमित सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, ए पी अंशुमान, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

विदाई समारोह में वक्ताओं ने दलीप सिंह कुंवर एवं धनबीर सिंह नेगी द्वारा पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों की सराहना की तथा अपेक्षा की गयी कि भविष्य में भी उत्तराखण्ड पुलिस को उनके अनुभवों का लाभ एवं मार्गदर्शन मिलता रहेगा। अन्त में दलीप सिंह कुंवर एवं धनबीर सिंह नेगी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग एवं कर्मठता के फलस्वरूप ही वह अपना सम्पूर्ण योगदान प्रदान करने में सफल हो सके। पुलिस महानिदेशक द्वारा दलीप सिंह कुंवर एवं धनबीर सिंह नेगी को एक प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया।

दलीप सिंह कुंवर ने वर्ष 1997 में प्रान्तीय पुलिस सेवा में चयनित होने के उपरान्त मुरादाबाद, हरिद्वार, देहरादून, ऊधमसिंहनगर, जनपदों में नियुक्त रहकर अपना अतुल्य योगदान दिया। आप वर्ष 2009 को भारतीय पुलिस सेवा में इंडक्शन हुये तथा भारत सरकार द्वारा आपको वर्ष 2009 बैच आवंटित किया गया। आप पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा, चम्पावत एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार, देहरादून के पद पर भी नियुक्त रहे। आप वर्ष 2023 में पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए। वर्तमान में आप पुलिस उप महानिरीक्षक, अभिसूचना के पद पर कार्यरत हैं। भारत सरकार द्वारा आपकी सराहनीय सेवा के लिए वर्ष 2020 में आपको पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

धनबीर सिंह नेगी वर्ष 2001 में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए। अपने सेवाकाल के दौरान आप जनपद देहरादून, उत्तरकाशी, सतर्कता अधिष्ठान मुख्यालय एवं पुलिस मुख्यालय में नियुक्त रहे। वर्ष 2017 में आप मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत हुए। उत्तराखंड पुलिस में भर्ती होने से पूर्व आप भारतीय सेना में वर्ष 1983 से वर्ष 2000 तक कुमाऊं पैरा कमांडो में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 44.13 प्रतिशत ने दी स्नातक स्तरीय परीक्षा

नई टिहरी। स्नातक स्तरीय विभिन्न विभाग के पदों पर चयन को लिखित परीक्षा रविवार को जनपद टिहरी गढ़वाल के सभी 16 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस परीक्षा में रविवार को 44.13 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के कुल 3 हजार 966 अभ्यर्थियों में से 1 हजार 750 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा 11 से एक बजे की बीच शांतपूर्ण तरीक से संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन ने 2 जोनल और 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए थे।

### महिलाओं के उत्पीडऩ को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

नई टिहरी । मुख्यमंत्री धामी के विधानसभा क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आने को लेकर कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर भाजपा का पूतला फूंकते हुए प्रदर्शन कर आरोप लगाया कि देश भर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के हौसले इतने बुलन्द हैं, कि वे लगातार महिला अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कांग्रेसियों ने इस मौके पर कहा कि भाजपा विधायक कुलदीप सैंगर, सांसद वृजभूषण सिंह सहित उतराखंड में पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी की हत्या में भी भाजपा संगठन से जुड़े पुलकित आर्य सहित अब मुख्यमंत्री की विधान सभा में भाजपा के मंडल अध्यक्ष कमल रावत पर एक बेटी के साथ यौन अपराध का संगीन आरोप लगा है, किंतु भाजपा की डबल इंजन की सरकार के चलते उसे दो दिन बीत जाने के बाद भी गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा लगातार बहन-बेटियों का लगातार उत्पीडऩ कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि उत्तराखंड में विगत 7 वर्षों से भाजपा शासन में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार एवं बलात्कार की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट और महासचिव विजय गुनसोला ने कहा कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है। पुतला दहन में प्रदेश सचिव सैयद मुशर्रफ अली, पीसीसी सदस्य देवेंद्र नौडियाल, जयवीर सिंह रावत, ज्योति प्रसाद भट्ट, मुर्तजा बैग, किशोर सिंह मंद्रवाल, नवीन सेमवाल, गब्बर सिंह रावत,अनीश खान, मंगल सिंह विकास, वैभव, आयुष्मान, आयुष राणा आदि मौजूद रहे।

### लंबगांव में थर्टी फस्ट पर अंखड रामायण पाठ

नई टिहरी लंबगांव स्थित महेड देवता मंदिर में लंबगांव व्यापार मंडल की ओर से रविवार थर्टी फस्ट और सोमवार एक जनवरी को अखंड रामायण पाठ का किया जा रहा है। राज्य आंदोनकारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवी सिंह पंवार कहा कि युवा पीढ़ी थर्टी फस्ट और नये साल को को शराब पीकर मनाती है, युवाओं को नशे से दूर रखने के लिये लंबगांव व्यापार मंडल की ओर से थर्टी फस्ट और 1 जनवरी को अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है।

# सीएम ने सुनी पीएम के मन की बात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को प्रेमनगर, सुद्धोवाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 108वां संस्करण सुना। इस अवसर पर उन्होंने लेखक हरि सिंह बिष्ट द्वारा लिखी गई पुस्तक 'मन की बात-सकारात्मक संवाद से सशक्त भारत' का विमोचन भी किया। इस पुस्तक में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 75वें संस्करण से 99वें संस्करण तक विस्तार से वर्णन किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने हमेशा देश वासियों को जो?ने और समाज में बेहतर कार्य करने के लिए लोगों को प्रेरित किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी किया है। विभिन्न क्षेत्रों में शोध और अनुसंधान के साथ विशिष्ट कार्य करने वालों को इस कार्यक्रम के माध्यम से अलग पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने देशवासियों को जो?ने और समाज सेवा से जु? कार्यों के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए 100 से अधिक बार मन की बात साझा की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देवभूमि उत्तराखण्ड से कर्म और मर्म का रिश्ता है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड का हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। राज्य में स?क, रेल, हवाई और रोपवे कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हुआ है। केदारनाथ का पुनर्निर्माण और बद्रीनाथ के मास्टर प्लान का कार्य तेजी से हुआ है। राज्य में अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहे है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, जिलाध्यक्ष भाजपा देहरादून ग्रामीण मीता सिंह, उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा उन्नयन समिति डॉ. देवेन्द्र भसीन एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## संपादकीय

# राममय होती अयोध्या

प्रभु राम के बिना भारत और लोकतंत्र की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नया साल शुरू हुआ है, तो उससे पहले ही भारत और अयोध्या 'राममय' होने लगे हैं। दरअसल यह हिंदुओं का ही नहीं, राष्ट्र के उत्सव का दौर है। देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का दौर है। ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद के मंत्रोच्चार को सुनें और यज्ञों को देखें, तो वैदिक काल लौटता लगता है। यही हमारी सनातन परंपरा है। अयोध्या में उन कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए भी पूजन किए गए हैं, जिन्हें 'राममय' मान कर गोलियों से भून दिया गया था। बहरहाल उस अध्याय को हम विस्मृत करने के पक्ष में हैं, क्योंकि यह प्रभु राम की वापसी का सकारात्मक काल है। नववर्ष पर अयोध्या का नया, सजा-संवरा और समर्पित रूप देखकर मन गदगद होता है। अयोध्या देवनगरी थी, प्रभु राम की जन्मस्थली थी और आज भी उसका स्थान बैकुंठ से कम नहीं है। प्रभु राम के जयघोष हैं, मंत्रोच्चार, शंखनाद और फूलों की बरसात भी है, क्योंकि राम अयोध्या में अपने महलनुमा मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। अयोध्या को कभी 'अभिशप्त नगरी' भी मान लिया गया था। वह राजनेताओं की दुर्बुद्धि और आसुरी कर्म था। वे अयोध्या में प्रवेश करने से हिचकते थे, क्योंकि एक निश्चित वोट बैंक के खोने की आशंका थी। अदालत ने भी कुछ पाबंदियां थोप दी थीं। मीडिया के कैमरे भी बंद करा दिए गए थे। अयोध्या में एक जमात 'बाबरी-बाबरी' के राग अलापती थी। आज उसके लिए भी प्रभु राम कण-कण में व्याप्त हैं। आज बाबरी मस्जिद के पक्षकार इकबाल अंसारी सरीखे भी अयोध्या में पुष्प-वर्षा कर रहे हैं। अब अयोध्या का परिसंस्कार किया जा रहा है। अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा मिला है। रेलवे का जंक्शन स्टेशन भी लोकार्पित किया गया है, जहां रेलगाडियां अयोध्या को देश के दूसरे महत्त्वपूर्ण हिस्सों से जोड़ेंगी। विमान और ट्रेन में 'जय श्रीराम' के उद्घोष गूंजते हुए सुनाई दिए। अयोध्या में पहले ही कुछ होटल थे। उनके अलावा, 20 और पंचतारा होटल निर्माणाधीन हैं। एक अनुमान है कि प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा, यानी 22 जनवरी, के बाद औसतन 3 लाख श्रद्धालु और पर्यटक हररोज अयोध्या में आएंगे। हिसाब लगाएं कि यदि इतने श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या आएंगे, तो उस नगरी और आसपास के इलाकों की अर्थव्यवस्था कितनी होगी? अयोध्या को भी, अर्थव्यवस्था के लिहाज से, रोम, मक्का-मदीना और तिरुपति मंदिर की जमात में रखा जा सकेगा। अयोध्या का वाकई कायाकल्प हो रहा है। आलेख के आरंभ में हमने प्रभु राम और भारत-लोकतंत्र के आपसी कल्पना का जिक्र किया था। भारत के संविधान में भी प्रभु राम और माता सीता का चित्र है। देश के प्रधान न्यायाधीश की सीट पर धर्म की व्याख्या है, लिहाजा राजनीति को प्रभु राम से अलग नहीं कर सकते। राजनीति लोकतंत्र का ही प्रारूप है, लेकिन शिवसेना (उद्धव गुट) के संजय राउत का कहना है कि अब भगवान राम को चुनाव प्रत्याशी बनाना ही शेष रह गया है। भाजपा वह भी कर सकती है। यह कुत्सित, नफरती और निंदनीय बयान है। राउत ने गोधरा से भी भयानक दंगों की आशंका किस आधार पर जताई है? हालांकि डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने फिर भी ठीक कहा है कि वह सिर्फ हिंदुओं के ही राम नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व के राम हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# चोपडय़िाल गांव में पहुंचे डीएम ने ग्रामीणों की समस्यायें जानी

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को चम्बा के चोप?यिाल गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के तैयार किये गये खाद्य उत्पादों एवं सेब उद्यानों का भी निरीक्षण किया।

चौपडयिाल गांव पहुंचे डीएम दीक्षित ने रामकृष्ण डबराल की हिमालय नेचुरल फूड प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग यूनिट, ग्रामीण बचत केन्द्र, रमेश डबराल एवं खुशीराम के पालीहाउस एवं सेब उद्यान, सरस्वती शिशु मंदिर, पंचायत भवन, जन सेवा केन्द्र, भवान सिंह पुण्डीर के सोलर पावर प्लांट आदि का निरीक्षण किया। साथ ही प्रधान चोप?यिाल गांव के कार्यालय में लोगों की जन समस्याओं को सुना। इस मौके पर डीएम ने कहा कि आगामी 1 जनवरी, 2024 को गांव में विशेष सफाई अभियान चलाकर सभी की सहभागिता से साफ-सफाई की जाय। चोप?यिाल गांव में प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेस (पीएमएफएमइ) योजना के लाभार्थी रामकृष्ण डबराल के हिमालय नेचुरल फूड प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग यूनिट के निरीक्षण के दौरान यूनिट में तैयार किये जा रहे खाद्य पदार्थों को देखा तथा उसकी लागत, उत्पादन, मैनपावर व मार्केटिंग आदि के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि देश-विदेश में लोकल एवं जैविक उत्पादों की बहुत मांग है। यूनिट में तैयार किये जा रहे खाद्य पदार्थों में उनकी स्वाभाविकता बनी रहे और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दिया जाय। डीएम ने चूनापानी तोक में रमेश डबराल एवं खुशीराम के पॉलीहाउस एवं सेब फार्म को भी देखा गया। मुख्य कृषि अधिकारी व जिला उद्यान अधिकारी को जिला योजना वर्ष 2024-25 में फेंसिंग की धनराशि को ब?ाते के निर्देश दिए। लाभार्थी रामकृष्ण डबराल ने बताया कि कृषि एवं उद्यान विभाग के सहयोग से उनकी दो यूनिट में लोकल एवं जैविक उत्पादों से निर्मित खाद्य पदार्थों की प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग की जा रही है। यूनिट में आंवला, मिर्च, गाजर, नीबूं, लहसून, अंजीर, माल्टा, सेब आदि का अचार, जूस, जैम तैयार किये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सीडीओ मनीष कुमार, प्रधान सीमा डबराल आदि मौजूद रहे।

# बाल शोध मेले में छात्रों के प्रस्तुतीकरण को सराहा

नई टिहरी। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मगरौं में नवाचार क्रियाकलापों के तहत बाल शोध मेले का भव्य आयोजन किया गया। बाल शोध मेले में छात्रों ने पुरी उत्सुकता से अपने प्रोजेक्टों का प्रस्तुतीकरण किया। इस मौके पर छात्रों के आयोजित गढ़ भोज में कंडाली-पालक मिक्सी सब्जी, भटवानी की दाल व चावल का आगुतंक अतिथयों ने जमकर आनंद लेते हुए छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा की।

प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय मगरौं प्रेम लाल तैरवाल ने बाल शोध मेले को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में बाल शोध मेले की धूम रही। इस मौके पर छात्रों ने विद्युत धारा, चुंबक, गांव और शहर का व्यापार, नगर-गांव प्रशासन, मानव संसाधन, सामाजिक न्याय, प्राकृतिक घटनाएं,जन सुविधा, महिला एवं जाति आदि पर अपने प्रोजक्टों के माध्यम से प्रकाश डाला। प्रोजेक्टों के प्रस्तुतीकरण को अतिथियों ने जमकर सराहा। प्रोजेक्टों के प्रस्तुतीकरण के बाद छात्रों ने स्थानीय लोकगीतों पर आधारित प्रस्तुतियां भी दी। जिनसे अतिथि आनंदित हुए। छात्रों ने गढ़ भोज में भी जौहर दिखाते हुए स्वादिष्ट कंडाली पालक की मिक्स की सब्जी, भटवानी की दाल व चावल बनाये। जिन्हें खाकर अतिथियों ने जमकर खुब आनंद लिया और छात्रों के गढ़ भोज की जमकर प्रशंसा की। अभिभावक भी मौके पर छात्रों के क्रियाकलापों से खुश नजर आये। बाल शोध कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं अतिथिों में सूर्य प्रकाश सकलानी, निर्मला, प्रधानाचार्य जीआईसी मंगरौं यादव ,अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से मिश्रा, जूनियर हाई स्कूल संगठन के जिलाध्यक्ष जयवीर खरोला, पुष्पा सेमवाल रंजना, सुषमा, वीरेन्द्र सिंह, राकेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### देवप्रयाग के छात्र-छात्राओं ने जीते पुरस्कार

नई टिहरी। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय शास्त्रीय स्पर्धाओ में श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग व पतंजलि गुरुकुलम, मूल्या गांव के छात्र-छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार जीते। फरवरी में अयोध्या में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धाओं में सभी विजयी प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। श्री भगवानदास आदर्श संस्कृत महाविधालय, हरिद्वार में आयोजित स्पर्धाओं में पतंजलि गुरुकुलम की 11 छात्राओं ने 9 प्रतियोगिताओ में भाग लिया। जिसमें सांख्ययोग भाषण में शुभांगिनी आर्या, अर्थ शास्त्र शलाका में शांभवी व धातुरूप कंठपाठ में अंकिता प्रथम रही। जबकि सुभाषित कंठपाठ में अनुष्का, काव्य कंठपाठ में श्ररेया, अमरकोश कंठपाठ में ऋचा ने द्वितीय स्थान जबकि भगवतगीता पाठ में स्वाति, अष्टाध्यायी में प्रिया कुमारी, शास्त्रीय स्फूर्ति स्पर्धा में शुभांगिनी आर्या व सुभाषित कंठपाठ में अंशिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग के छात्रों ने चार स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दो स्पर्धाओं में उन्होंने द्वितीय तथा एक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। परिसर के 10 विद्यार्थियों ने स्पर्धाओ में भाग लिया था। जिसमे न्यायभाषण में गिरीश भट्ट, ज्योतिष शलाका में उज्ज्वल बलोनी, वेदभाष्यभाषणम में मोहित शर्मा प्रथम रहे। वहीं स्फूर्ति स्पर्धा में गिरीश भट्ट व कुशाग्र अत्रि प्रथम रहे। सांख्ययोग भाषण में श्रीकृष्णन्‍ व वेद भाष्य भाषण में अभिषेक गौड़ द्वितीय रहे। जबकि श्लोक अन्ताक्षरी स्पर्धा में आयुष रतूडी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने विजयी छात्र-छात्राओं की सराहना करते राष्ट्रीय स्पर्धाओं की तैयारी में जुटने को कहा।

### चमियाला और घनसाली में पानी की किल्लत होगी दूर

नई टिहरी। नगर पंचायत चमियाला व घनसाली के लिए पम्पिंग योजनाओं को शासन से 53 करो? 50 लाख रु की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिससे घनसाली व चमियाला बाजारों में पेयजल की किल्लत से निजात मिल पाएगी। क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह ने बताया कि, वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत की ओर से दोनों नगर पंचायतों के लिए बालगंगा व भिलंगना नदियों से पम्पिंग योजनाओं की घोषणा की गई थी। जिसके बाद उत्तराखंड सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव भेजा। केंद्र सरकार ने चीन की एजेंसी को प्रस्ताव भेजा लेकिन कोरोना व अन्य कारणों से स्वीकृति नही मिल पाई। जिसके बाद जापान की इंटरनेशनल कारपोरेशन एजेंसी जायका के तहत दोनों योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई। जिसमें चमियाला के लिए 27 करो? 15 लाख व घनसाली के लिए 26 करो? 35 लाख रु पम्पिंग योजनाओं के लिए स्वीकृत हुए। उन्होंने बताया कि योजनाओं की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। पेयजल योजनाओं की स्वीकृति मिलने पर भाजपा नेता आनंद बिष्ट, केदार बर्तवाल, गोविंद सिंह राणा व मंडल अध्यक्ष कविता तिवा?ी ने विधायक का आभार जताया है।

### छात्र हितों में वक्ताओं ने एनईपी पर जानकारी दी

नई टिहरी। उत्तराखंड मुक्त विवि के अध्ययन केंद्र पीजी कॉलेज नई टिहरी में नई शिक्षा नीति(एनईपी) 20-20 पाठ्यक्रम के तहत मुक्त विवि अध्ययन केंद्र की ओर से कार्यशाला का आयोजित की गई। कार्यशाला में वक्ताओं ने छात्र हितों में कई जानकारी दी गई।
रविवार को नई टिहरी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ उत्तराखंड मुक्त विवि कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी तथा कॉलेज प्राचार्या प्रो. पुष्पा नेगी दीप प्रज्जवलित कर किया। विवि कुलपति ने कहा कि छात्रों की सुविधा हेतु भविष्य में ऑनलाइन मोड में भी कक्षाओं के संचालन की व्यवस्था अध्ययन केन्द्रों से की जाऐगी, साथ ही यदि छात्र विवि की वेबसाइट से अध्ययन सामग्री डाउनलोड करते हैं, तो उन्हें फीस में भी छूट दी जाऐगी। बताया आगामी फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में विवि की शीतकालीन एवं प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाऐं विवि होगी। उन्होंने केंद्र पर नकल विहीन और पारदर्शिता के साथ परीक्षाऐं संपन्न करने को कहा। मुख्य वक्ता डॉ.जीएस रावत ने कहा कि कॉलेज में विगत 6 वर्षों से विवि की ओर से दी जाने वाली सुविधाऐं छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही है। बताया मुक्त विवि के तहत वर्तमान समय में केंद्र पर करीब 10 हजार छात्र पंजीकृत है। डॉ. पीसी पैन्यूली ने कहा कि नौकरी पेशा और दूर दराज के छात्रों को मुक्त विवि मिल का पत्थर साबित हो रहा है। कार्यशाला में केंद्र सह समंवयक डॉ.डीएस तोपवाल, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राऐं मौजूद थे।

### दिव्यांग मतदाताओं के लिए बनाएं सुगम वातावरण: डीएम

नई टिहरी। लोकसभा 2024 के चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुगम वातावरण बनाने को जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम मयूर दीक्षित ने जिला निगरानी समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विकलांग वोटरों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं बनाने के कड़े निर्देश दिए।
जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में आयोजित डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी फॉर एक्सेसीबल इलेक्शन (डीएमसीएई) की बैठक में दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुगम वातावरण बनाने और उनकी शत प्रतिशत मतदान भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी दीक्षित ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को आपसी समन्वय से एक सप्ताह में दिव्यांग मतदाताओं की पोलिंग स्टेशन वाइज मैपिंग करने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रेडक्रॉस समिति के सदस्यों और मुख्य शिक्षा अधिकारी को एनएसएस एवं एनसीसी के साथ ईएलसी की बैठक करने के निर्देश दिए।
साथ ही उन्होंने डिस्ट्रिक्ट लेवल एवं एसी लेवल कमेटी गठित करने, डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर बनाने, दिव्यांग मतदाताओं की सुविधाओं एवं सुझाव के लिए वर्कशॉप आयोजित करवाने, विशेष स्वीप गतिविधियां आयोजित करने, पोलिंग बूथों पर दिव्यांग मित्र बनाने, हर ग्राम पंचायत में दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चियर एवं डोली की व्यवस्था करने, पोलिंग बूथ तक आने-जाने को वाहन व्यवस्था, दिव्यांग आईकॉन चिन्हित करने, रैम्प, पृथक प्रवेश और निकास द्वार, पृथक सुगम्य शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, हेल्प डेस्क और पोल डे के लिए कन्ट्रोल रूम आदि व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम केके मिश्र आदि मौजूद रहे।

### हत्या और लूट में हरिद्वार से फरार 25 हजार का इनामी एसटीएफ ने दबोचा

देहरादून। हरिद्वार में बुजुर्ग की हत्या कर लूट में फरार चल रहे 25 हजार के रुपये इनामी को एटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने उसे कनखल थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि बीते 11 सितंबर को हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र डा. अशोक चड्ढा की गला रेतकर हत्या कर उनसे लूटपाट की गई। उनकी बेटी दीप्ति की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज दिया गया। जांच के दौरान छह आरोपियों के वारदात को अंजाम देने का पता लगा। इनमें चार आरोपी पूर्व में गिरफ्तार कर लिए गए। जबकि, शिव्वू लंगड़ा निवासी आर्यनगर, ज्वालापुर और दीपक कोती निवासी रावली महदूद फरार थे। इन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। इनमें शिव्वू लगड़ा को एसटीएफ ने एसटीएफ की एक टीम ने शनिवार रात दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपी को वहां से हरिद्वार लाकर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# मन की बात से देश को जोड़ते है प्रधामनंत्री : धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 जनवरी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेमनगर, सुद्धोवाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 108वां संस्करण सुना। इस अवसर पर उन्होंने लेखक हरि सिंह बिष्ट द्वारा लिखी गई पुस्तक 'मन की बात-सकारात्मक संवाद से सशक्त भारत' का विमोचन भी किया। इस पुस्तक में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 75वें संस्करण से 99वें संस्करण तक विस्तार से वर्णन किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने हमेशा देश वासियों को जोड़ने और समाज में बेहतर कार्य करने के लिए लोगों को प्रेरित किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी किया है। विभिन्न क्षेत्रों में शोध और अनुसंधान के साथ विशिष्ट कार्य करने वालों को इस कार्यक्रम के माध्यम से अलग पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने देशवासियों को जोड़ने और समाज सेवा से जुड़े कार्यों के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए 100 से अधिक बार मन की बात साझा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देवभूमि उत्तराखण्ड से कर्म और मर्म का रिश्ता है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड का हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। राज्य में सड़क, रेल, हवाई और रोपवे कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हुआ है। केदारनाथ का पुनर्निर्माण और बद्रीनाथ के मास्टर प्लान का कार्य तेजी से हुआ है। राज्य में अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहे है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, जिलाध्यक्ष भाजपा देहरादून ग्रामीण मीता सिंह, उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा उन्नयन समिति डॉ. देवेन्द्र भसीन एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।





# लावारिश शव के लिए उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने बढ़ाया मानवता का हांथ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 जनवरी , वक़्फ़ बोर्ड उत्तराखण्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा , हम देवभूमि उत्तराखण्ड मे युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में एक संवेदनशील सरकार चला रहे हैं और वक़्फ़ बोर्ड उत्तराखण्ड जनवरी में होने वाली बोर्ड बैठक में ये प्रस्ताव लाने जा रहा है । जिसका कोई नहीं है उसके साथ वक़्फ़ बोर्ड खड़ा है । शम्स ने बताया के प्रदेश में अकसर ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिसमें लावारिस शव की पहचान नही हो पाती हैं मगर ये पता लग जाता है के मरनेवाला किस धर्म से है, लावारिस होने के कारण शव का कफ़न दफ़्न मे दिक़्क़त आती हैं । ऐसे सभी मरनेवालों का एवं ऐसे लोग, जिनका कोई नहीं है या जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है और वे अपनों के कफ़न दफ़्न का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं है , ऐसे सभी लोगों के सारे सुपुर्द ऐ ख़ाक का सारा खर्च अब वक़्फ़ बोर्ड उत्तराखण्ड वहन करेगा । शम्स ने कहा हम देवभूमि उत्तराखण्ड में रहने वाले लोग हैं तो हमारे सभी कार्यों मे मानवता दिखाई देनी चाहिए ।



# नव वर्ष : सुरक्षा व शांतिपूर्ण के लिए नैनीताल पुलिस कप्तान आधी रात को अपने निजी वाहन से निकले फील्ड में

■ पुलिस के तमाम बैरियर और ड्यूटी प्वाइंट किए चैक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 जनवरी , नव वर्ष की पूर्व संध्या को एक सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए श्री प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियो को अलर्ट मोड में कार्य करते हुए सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। पर्यटकों को सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिलेभर में एक प्रभावी यातायात प्लान भी लागू किया गया है ।नैनीताल पुलिस की कार्यशैली को और प्रभावी बनाने तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखने के उद्देश्य से बीती मध्य रात्रि में एसएसपी नैनीताल अपने निजी वाहन से फील्ड में निकले। उन्होंने कालाढूंगी, लालकुआं, हल्द्वानी, काठगोदाम, तल्लीताल व भीमताल के प्रमुख ड्यूटी प्वाइंटों और बैरियरों को चेक किया। ड्यूटी प्वाइंट में तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मियों को सतर्क रहते हुए लगातार वाहनों की चेकिंग कर यातायात व्यवस्था को ₹24*7₹ सुचारू करने के निर्देश दिए।



## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों को शूज व गिफ्ट दिए

पौड़ी। राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पैडुल में प्रतिभा दिवस पर मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वहीं, रोटरी क्लब श्रीनगर की ओर बच्चों को शूज व गिफ्ट वितरित किए गए। आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों नेक्राफ्ट, व बेकार पड़ी वस्तुओ का बेहतरीन उपयोग किया गया। साथ ही इस अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका संजू नौडियाल ने प्रतिभा दिवस की महत्ता को बताया। साथ ही रोटरी क्लब के कार्यो की भी जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ममता नेगी, उपाध्यक्ष माहेश्वरी देवी, संजू नौडियाल, शांति नेगी, पुष्पा असवाल, महेश गिरि, उर्मिला देवी आदि मौजूद रहे।

### नितिन रावत का मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति के लिए चयन

पौड़ी। राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पैडुल के कक्षा 6 के छात्र नितिन रावत का मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 के लिए चयन हुआ। स्कूल प्रबंधन ने छात्र के चयन पर खुशी जताई है। प्रधानाध्यापिका संजू नौडियाल ने बताया कि इस कक्षा छह के लिए 600 रुपये व कक्षा सात में 700 व आठ में 800 रूपए प्रति माह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। बताया कि यह छात्रवृत्ति परीक्षा अक्तूबर माहार में आयोजित की गई थी। बताया कि नितिन रावत निर्धन परिवार से है, शैक्षणिक गतिविधियों में छात्र अव्वल रहा है। छात्र को चयन पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ममता नेगी, उपाध्यक्ष माहेश्वरी रावत, महेश गिरि, पुष्पा असवाल, शांति नेगी आदि ने खुशी जताई है।

### पुलिसकर्मियों को दी भावभीनी विदाई

पौड़ी। जिला पुलिस के 1 जवान के सेवानिवृत्त व 3 पुलिस जवानों के ऐच्छिक सेवानिवृत्ति पर जवानों को भावभीनी विदाई दी गई। एएसपी संचार व सीओ ने पुलिस जवानों के द्वारा दी गई सेवाओं पर सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। पौड़ी पुलिस में तैनात अपर उपनिरीक्षक भूपाल सिंह रावत ने 37साल 4 महीने तक अपनी सेवाएं पुलिस विभाग को दी। मुख्य आरक्षी राजीव राठी ने 22 साल 2 महीने अपने सेवाएं दी , आरक्षी रमेश सिंह राणा ने 21 साल 8 महीने अपनी सेवाएं विभाग को दी। अनुचर बुद्धिलाल ने 28 साल अपनी सेवाएं पुलिस विभाग को दी। एएसपी संचार अनूप काला, सीओ सदर श्याम दत्त नौटियालख प्रतिसार निरीक्षक अनुराग कुमार, रेडियो निरीक्षक मनोज पांडे ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी।

### नयारघाटी महोत्सव में स्थानीय कलाकारों की धूम

पौड़ी। नयारघाटी पंचायत महोत्सव का अंतिम दिन स्थानीय कलाकारों के नाम रहा। गायक जीतू पहा ?ी, हेमंत बिष्ट ने एक से ब ?कर एक प्रस्तुति दी। जिस पर दर्शक झूम उठे। इसके अलावा महिला मंगल दल ने भी लोक संस्कृति पर कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। गायक जीतू पहा ?ी ने अपनी नई एल्बम चल छौरी के गीतों की प्रस्तुति। वहीं फिल्मी कलाकारों की भी मिमक्री कर लोगी को खूब हंसाया। स्थानीय गायक हेमंत बिष्ट ने मेरी बो सुशीला बो गीत की प्रस्तुति दी। सतपुली में पंचायत महोत्सव में रविवार को रंगारंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिगमोहन नेगी सामाजिक कार्यकर्ता, विशिष्ट पुरण जैरवान और र्यक्रम अध्यक्ष मनीष रौंतेला ने दीप प्रज्जवलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचें लोगों ने नन्हे बच्चों की खूब प्रशंसा की। वहीं महिला मंगल दलों द्वारा धडिया चौंफला की प्रस्तुति दी। पूर्व प्रधान व महोत्सव समिति अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद डंगवाल और आयोजन साथियों के द्वारा मुख्य अतिथि और आगुंतकों का फूल मालाओं और शाल ओ ?कर स्वागत किया गया । इस मौके पर महोत्सव के आयोजक जगदंबा डंगवाल, कुसुम खंतवाल, इंदु जुयाल, लोकेश वर्मा, सुनिल डंडरियाल, संजय कुकरेती, सुनील भट्ट, रोहन नेगी, चंद्रकला आर्य, मीना लिंगवाल, गंगा खंतवाल, अमित रावत, पार्थ जुयाल, रणधीर सिंह आदि मौजूद रहे।